# उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

## प्रयागराज

## एम.ए. योग

प्रवेश सत्रः 2024–2025

प्रवेश सूचनाः जनवरी– 2025

परास्नातक कार्यक्रम : एम.ए. योग

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

शान्तिपुरम् (सेक्टर –एफ), फाफामऊ, प्रयागराज– 211021

## परास्नातक (योग) कार्यक्रम हेतु पात्रता

इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता निम्न हैः–

**प्रवेश योग्यता :–** स्नातक (किसी भी विषय में) तथा न्यूनतम दो माह का योग में प्रमाण–पत्र/ योग में स्नातक/स्नातक में कम से कम एक पेपर योगा से सम्बन्धित।

पात्रता :–

1. ऐसे अभ्यर्थी जो पात्रता पूर्ण करते है वह सत्र जनवरी, 2025 के सापेक्ष प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त 31 मार्च, 2025 तक प्रवेश ले सकेगें।
2. ऐसे अभ्यर्थी जो पात्रता तो पूर्ण करते हैं, किन्तु कतिपय कारणों से प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त प्रवेश नहीं ले पाते हैं, तो ऐसे सभी अभ्यर्थी सत्र जुलाई, 2025 में प्रवेश हेतु अर्ह–होगें।
3. ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास न्यूनतम 02 माह का योग में प्रमाण पत्र नहीं है, उन्हें निम्नलिखित अतिरिक्त प्रश्न पत्रों में इस विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

3.1 योग शिक्षा

3.2 स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा

### महत्त्वपूर्ण प्रस्तावित तिथियों का विवरण

| क्र.सं. | विवरण | प्रस्तावित तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की प्रारम्भ तिथि | 01 मार्च, 2025 से |
| 2. | ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की अन्तिम तिथि | 17 मार्च, 2025 |
| 3. | विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि | 18 मार्च, 2025 |
| 4. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 20 मार्च, 2025 |
| 5. | विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा परिणाम प्रकाशन | 21 मार्च, 2025 |
| 6. | प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि | 31 मार्च, 2025 |

## कार्यक्रम अवधि

1. कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) तथा अधिकतम अवधि 4 वर्ष है।

## प्रवेश पद्धति

1. परास्नातक (योग) कार्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रवेशार्थियों के द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा।
2. प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 40% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।
3. **अभ्यर्थी को केवल On-Line आवेदन पत्र पूर्ण सूचनाओं सहित भरना अनिवार्य है।** प्रवेश परीक्षा का विवरण आगे दिया गया हैं। प्रवेश परीक्षा केन्द्र के आवंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय में निहित है।

## प्रवेश परीक्षा शुल्क एवं कार्यक्रम शुल्क

1. परास्नातक (योग) कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा शुल्क सामान्य व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रु0 1000/– एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए रु0 750/– है।
2. अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ट्रान्सफर (नेट बैंकिंग/डेविट कार्ड/क्रेडिट कार्ड) से करना होगा।
3. परास्नातक (योग) कार्यक्रम शुल्क रु0 10,000/– (रुपये दस हजार मात्र) प्रतिवर्ष है, जो विश्वविद्यालय द्वारा परिवर्तनीय होगी।

## प्रवेश परीक्षा आवेदन हेतु प्रक्रिया

कार्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर M.A. (Yoga) Entrance Exam. Application Form 2024-2025 के लिंक पर जाकर निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन करना होगा–

### स्टेप –1

अर्ह अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की वेबसाइट के सम्बन्धित लिंक में जाकर नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, कार्यक्रम का नाम, निवास एवं श्रेणी ( सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, (EWS), दिव्यांग आदि वांछित सूचनाएँ एवं प्रपत्र अपलोड करने होंगे। वांछित सूचनाएं अपलोड करने के उपरान्त विद्यार्थियों को ऑन–लाइन ही अपना नवीनतम फोटो व हस्ताक्षर को (JPG/JPEG) फार्मेट व निर्धारित साइज में अपलोड करना होगा।

### स्टेप –2

स्टेप –1 को सफलता पूर्वक करने के उपरान्त अभ्यर्थी निर्धारित प्रवेश परीक्षा शुल्क ऑनलाइन ट्रान्सफर अर्थात् नेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड से जमा करेंगे।

## स्टेप –3

प्रवेश परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी के ईमेल एवं पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर शुल्क प्राप्ति की सूचना प्राप्त होगी। इन सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरान्त अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भविष्य में किसी भी आवश्यकता की दृष्टि से पुष्टिकरण (Confirmation Page) का प्रिन्ट आउट लेकर अपने पास सुरक्षित रखें।

## प्रवेश परीक्षा की तिथि व परीक्षा केन्द्र

1. प्रवेश परीक्षा की तिथि, समय तथा परीक्षा केन्द्र (विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया जायेगा) की सूचना प्रवेश पत्र पर अंकित की जायेगी एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर भी परीक्षा तिथि से तीन दिन पूर्व प्रदर्शित की जायेगी।
2. प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर उपलब्ध रहेगा। प्रवेश पत्र को अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से तीन दिन पूर्व स्वंय डाउनलोड कर सकेंगे।
3. प्रवेश परीक्षा केन्द्र के आवंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय में निहित है।
4. प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन मोड में सम्पन्न कराई जायेगी।

## प्रश्न पत्र का प्रारूप

प्रश्न पत्र में वस्तुनिष्ठ प्रकार के 25 प्रश्न होंगे। परीक्षा की कुल अवधि 1 घण्टे होगी। प्रत्येक प्रश्न 4 अंको का होगा।

## विशेष सूचनाः–

1. **कतिपय कारणों से अंकित विषयों/तिथियों में परिवर्तन की दशा में यथासमय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना उपलब्ध करायी जायेगी।**
2. कृपया आप स्वयं अच्छी तरह से सुनिश्चित कर लें कि इस आवेदन पत्र में आपके द्वारा उल्लिखित जाति, वर्ग एवं आर्हता आदि से सम्बन्धित सूचनायें सही–सही भरी गयी हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में आपके द्वारा दी गयी सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।
3. आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी दशा में किसी भी अन्य माध्यम से न तो आवेदन स्वीकार किये जायेंगे और न ही प्रवेश परीक्षा शुल्क स्वीकार किया जायेगा।